आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–12 अगस्त 2024 **सान्ध्य समाचार**

उत्तर प्रदेश अंतराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी के दूसरे संस्करण का आयोजन आगामी पचीस से उनतीस सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इण्डिया एक्सपो मार्ट में किया जाएगा। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस प्रदर्शनी को भव्य रूप देने में कोई कसर न छोड़ी जाए। उन्होनें पांच दिवसीय अंतराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी के दौरान प्रतिदिन एक विशेष थीम पर ज्ञान सत्र आयोजित करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यापार प्रदर्शनी के माध्यम से पूरी दुनिया उत्तर प्रदेश के अदभुत शिल्प और संस्कृति के दर्शन भी करेगी। उत्तर प्रदेश अंतराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का पहला संस्करण पिछले वर्ष आयोजित किया गया था जिसमें दो हजार प्रदर्शकों और सात देशों से आये पांच सौ से अधिक प्रतिनिधियों समेत तीन लाख से अधिक लोग शामिल हुए थे।

****

धान खरीद से पहले राज्य के खरीद केंद्र इंटरनेट, कंप्यूटर, लैपटॉप, आईपैड, ई–पॉस मशीनों से लैस होंगे। यह जानकारी देते हुए खाद्य एवं रसद विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष दो हजार चौबीस–पचीस के तहत प्रदेश के धान खरीद केंद्रों को हाईटेक बनाने की तैयारी की जा रही है।

****

प्रदेश में आज कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का तबादला कर दिया गया है। रविन्द्र कुमार को कृषि विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। जबकि मोनिका गर्ग को कृषि उत्पादन आयुक्त की जिम्मेदारी दी गयी है। लीना जौहरी को बाल विकास और पुष्टाहार विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है।

****

आज सावन माह का चौथा सोमवार है। भगवान भोले शंकर का दर्शन–पूजन और जलाभिषेक की विशेष मान्यता वाले इस दिन पर आज भोर से ही सभी प्रमुख शिवालयों पर श्रद्धालुओं की लम्बी कतार देखी गयी। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिये देश के अन्य कई राज्यों से भी श्रद्धालु पहुंचे हैं। सावन के चौथे सोमवार पर बाबा विश्वनाथ का रूद्राक्ष श्रृगांर किया गया। वाराणसी के मार्कण्डेय महादेव मंदिर तथा अयोध्या में भी सावन के चौथे सोमवार पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अयोध्या के प्रसिद्ध नागेश्वर नाथ मंदिर का पट जलाभिषेक के लिए भोर में ही खोल दिया गया। बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, देवरिया और प्रयागराज सहित प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख शिव मंदिरों में दर्शन–पूजन और जलाभिषेक के लिए शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।

****

हर घर तिरंगा फहराने के लिए कल से पन्द्रह अगस्त तक चलने वाले विशेष अभियान को लेकर सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं की तरफ से जागरूकता के कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वाराणसी में गंगा नदी के सिन्धिया घाट पर आज महर्षि योगी विद्याश्रम के वेदपाठी छात्रों ने हाथों मे तिरंगा लेकर आमजन से अपील की कि कल से स्वतंत्रत्रा दिवस तक अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज अवश्य फहराये। अम्बेडकरनगर जिले में आज जिला पंचायत अध्यक्ष साधु वर्मा के नेतृत्व में युवाओं ने मोटर साईकिल रैली निकालकर लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया। प्रदेश के कई जिलों में भी विभिन्न संगठनों की तरफ से तिरंगा यात्राए निकाली गयीं।

****

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर आज कई जिलों में विभिन्न संस्थाओं की तरफ से कार्यक्रमों का आयोजन कर के युवाओं को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सभी युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक संदेश जारी कर के मुख्यमंत्री ने सभी युवाओं का आह्वान किया है कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्म निर्भर और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सहभागी बने।

****

दुनिया भर में आज विश्व हाथी दिवस मनाया जा रहा है। हाथियों की घटती संख्या को देखते हुए उनके संरक्षण के लिए वर्ष दो हजार बारह में विश्व हाथी दिवस मनाने की शुरूआत की गयी थी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाथियों के संरक्षण के लिए व्यापक प्रयासों की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि हाथी हमारी संस्कृति और इतिहास से जुड़े हुए हैं। उन्होंने हाथियों को एक अनुकूल प्राकृतिक वास उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई। विश्व हाथी दिवस पर गोरखपुर चिड़ियाघर के निदेशक विकास यादव ने बताया कि अक्टूबर माह तक चिड़ियाघर में हाथी का एक विशेष बाड़ा तैयार हो जाएगा, गोरखपुर का चिड़ियाघर प्रदेश का इकलौता चिड़ियाघर हो जाएगा। जहां किसी हाथी का बाड़ा होगा।

****

राज्य के पूर्वी से लेकर पश्चिमी हिस्से तक रूक–रूक कर हल्की और मध्यम बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में अगले चार दिनों के दौरान मध्यम से तेज़ बारिश की संभावना जताई है। इस बीच बारिश के चलते कई नदियां खतरे के निशान तक पहुंच गयी हैं। गोरखपुर, बस्ती और देवरिया जिले में सरयू नदी खतरे के निशान को फिर पार कर गयी है।

****